C

(Printed Pages 4)

Roll No. ....

23/2001

बी.ए. (प्रथम सेमेस्टर) परीक्षा, 2023

हिन्दी

Hindi

प्रश्न-पत्र (मुख्य)

(हिन्दी काव्य)

समय : 3:00 घण्टे / *पूर्णांक : 75*

नोट : दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

निर्देश : प्रश्न पत्र **तीन** खण्डों यथा खण्ड-'अ', 'ब' और 'स' में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड में दिए गये निर्देश के अनुरूप प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

खण्ड-अ

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी **05 (पाँच)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है। 2×5=10

1. (क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के काल विभाजन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ख) छायावाद के चार प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(ग) कबीर की भाषा पर विचार कीजिए।

P.T.O.

https://www.mgkvponline.com

(घ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ङ) धूमिल की रचनाओं के नाम बताइए।

खण्ड - ब

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्न 08 (आठ) प्रश्नों में से किन्हीं **05 (पाँच)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **05 (पाँच)** अंकों का है तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है। 5×5=25

2. (क) भक्ति आन्दोलन के उदय के कारण लिखिए।

(ख) नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों को बताइए।

(ग) सूरदास के 'भ्रमरगीत सार' के पदों का सारांश बताइए।

(घ) मलिक मुहम्मद जायसी के 'मान सरोदक खण्ड' की समीक्षा कीजिए।

(ङ) केशवदास की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए।

(च) सुमित्रानन्दन पन्त की कविता 'यह धरती कितना देती है' का सारांश लिखिए।

(छ) कबीरदास का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

(ज) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की कविता 'वह तोड़ती पत्थर' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

खण्ड - स

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्न 08 (आठ) प्रश्नों में से किन्हीं **04 (चार)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **10 (दस)** अंकों का है तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 400 शब्द है। 10×4=40

https://www.mgkvponline.com

3. (क) सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए-

"कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गस्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।"

अथवा

एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ-"यह तीसरा आदमी कौन है"
मेरे देश की संसद मौन है।

अथवा

खेलत मानसरोवर गई। जाइ पालि पर ठाढ़ी भई।।
देखि सरोवर रहसहिं केलि। पदुमावति सौं कहहिं सहेली।।
ऐ रानी मन देखु विचारी। एहि नैहर रहना दिनचारी।।
जौं लगि अहै पिता कर राजु। खेलि लेहु जौं खेलहु आजू।।
पुनि सासुर हम गबनव काली। कित हम कित यह सरवर पाली।।
कित आवन पुनि अपने हाथा। कित मिलि कै खेलब एक साथा।।
सासु ननद बोलिन्ह जिउ लेही। दाएन ससुरन निसरै देही।।
पिउपियार सिर ऊपर। पुनि सो करै दहुँ काह।।
दहुँ सुख राखै की दुख, दहुँ कस जनम निवाह।।

P.T.O.

https://www.mgkvponline.com

अथवा

होत प्रातु मुनिवेष धरि जौं न रामु बन जाहिं.
मोर मरनु राउर अजस नृप समुझिअ नमन माहिं।।
अस कहि कुटिल भई खढ़ी। मानहुँ रोष तरंगिनी बाढ़ी।।
पाप पहार प्रगट भइ सोई। भरी क्रोध जल जाइ न जोई।।
दोउ बर कूल कठिन हठ धारा। भवँर कूबरी बचन प्रचारा।।
ढाहत भूपरूप तरु भूला। चली बिपति बारिधि अनुकूला।।
लखी नरेस बात कुरि साँची। तिय मिस मीचु सीस पर नाची।।
गहि पद बिनय कीन्ह बैठारी। जनि दिनकर कुल होसि कुठारी।।
मागु माथ अबहीं देउँ तोही। राम बिरहँ जनि मारसि मोही।।
राखु राम कहुँ जेहि तेहि भाँति। नाही त जरिहि जनम भरि छाती।

(ख) कबीरदास की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) तुलसीदास का काव्य समन्वय की विराट चेतना पर आधारित है सिद्ध कीजिए।

(घ) बिहारी के दोहे 'गागर में सागर है' कथन को समझाइए।

(ङ) जयशंकर प्रसाद के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

(च) सुमित्रानन्दन पन्त प्रकृति के सुकुमार कवि हैं विवेचन कीजिए।

(छ) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्सायन अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ज) महादेवी वर्मा का काव्य विरह एवं वेदना का काव्य है सिद्ध कीजिए।

https://www.mgkvponline.com